# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार
## जुलाई 2025

**अप्रैल/मई - 2025 सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षा परिणाम वेबसाईट पर अपलोड किए गए है तथा सभी छात्रों की अंक तालिकाएँ केन्द्रों की ओर रवाना की जा रही है।
2. केंद्र व्यवस्थापकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना:-

(अ) सभी केंद्र व्यवस्थापकों को सूचित किया जाता है की, परीक्षा परिणाम तथा अंकतालिकाएँ एक साथ केन्द्रों को भेजी जा रही है। परीक्षार्थियोंकी अंकतालिकाएँ तुरंत संबंधित परीक्षर्थियों को वितरित करें।

(ब) परीक्षा परिणाम से संबंधित शिकायतें या जोड़ जाँच, पुनर्मूल्यांकन (Recounting of Marks)/ Revaluation of Answer Books) परिणाम घोषित होने के बाद 20 दिनों के अन्दर रजिस्ट्रार कार्यालय को प्राप्त होना आवश्यक है। विलम्ब से प्राप्त शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। जोड़ की जाँच या पुनर्मूल्यांकन की शिकायत हेतू आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क तथा मूल अंकतालिका भेजना अनिवार्य रहेगा। अन्यथा ऐसे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**जोड़ की जाँच / पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित शुल्क:**

(1) केवल क्रियात्मक अंकों की जोड़ - **रु. 50/- (सभी परीक्षाओं के लिए)**

(2) उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन-

(सा) प्रवेशिका पूर्ण से मध्यमा पूर्ण तक- **रु. 100/-**

(रे) विशारद - **रु. 200/-**

**नवम्बर/दिसम्बर - 2025 सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षाओं के आवेदन पत्र (संगीत संस्कार से अलंकर तक) ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत दि. 15 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक रेग्युलर परीक्षा शुल्क के साथ स्वीकृत किएँ जाएगे। तथा 15 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन पत्र स्वीकृत किएँ जाएगे।

ISSN No. 0036-4320

2. इस सत्र की लिखित परीक्षा रविवार दि. 16 **नवम्बर** 2025 को संपन्न होगी एवं क्रियात्मक परीक्षाएँ 1 नवम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक संपन्न होंगी।
3. इस सत्र में सभी परीक्षाओं के साथ ओडिसी नृत्य, अलंकार एवं संगीताचार्य परीक्षाएँ संपन्न होंगी।
4. अलंकार की क्रियात्मक परीक्षा जनवरी (2026) में संपन्न होगी।
5. नवम्बर/दिसम्बर 2023 तथा अप्रैल–मई 2024 सत्र का वार्षिक दीक्षांत समारोह अगस्त 2025 के तिसरे सप्ताह वाशी में संपन्न हो रहा है। इस सन्दर्भ में अधिकतम जानकारी मंडल के वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
6. नवम्बर/दिसम्बर 2024 सत्र की संगीताचार्य परीक्षा वाशी भवन में दि. 27, 28 और 29 जून 2025 को संपन्न हो गई है।
7. परीक्षा संबधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार
(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)


ISSN No. 0036-4320